फाइल सं. 17/1/2019-गो-I/I
दिनांक : 01.12.2020

भारत सरकार,
कर्मचारी चयन आयोग,
कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय,
ब्लॉक स. 12, केन्द्रीय कार्यालय परिसर,
लोधीरोड, नईदिल्ली - 110003

Government of India,
Staff Selection Commission
Min. of Personnel, Public Grievances & Pensions,
Block No. 12, CGO Complex,
Lodhi Road, New Delhi - 110003

विषय: भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा विभाग (आईए & एडी) (भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के अधीनस्थ कार्यालय) में कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक/ कनिष्ठ अनुवादक/ वरिष्ठ हिन्दी अनुवादक और हिन्दी प्राध्यापक परीक्षा, 2019 के माध्यम से कनिष्ठ अनुवादक के पद पर नियुक्त अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना।

भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग (आईए & एडी) (भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के अधीनस्थ कार्यालय) में कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक/ कनिष्ठ अनुवादक/ वरिष्ठ हिन्दी अनुवादक और हिन्दी प्राध्यापक परीक्षा, 2019 के माध्यम से कनिष्ठ अनुवादक के पद पर नियुक्ति के लिए नामांकित अभ्यर्थियों को राज्यों/ कार्यालयों का आवंटन उनकी योग्यता और उनके द्वारा दी गई राज्य की वरीयता के आधार पर किया जाएगा।

2. भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक कार्यालय से प्राप्त महत्वपूर्ण सूचना की प्रति अभ्यर्थियों की सूचना हेतु संलग्न हैं।

अवर सचिव (गोप-1/1)
01.12.2020

(कर्मचारी चयन आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित होने की सूचना)

विषय: भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग में कनिष्ठ अनुवादक के रिक्त पदों को भरने हेतु कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक, कनिष्ठ अनुवादक, वरिष्ठ हिन्दी अनुवादक तथा हिन्दी प्राध्यापक परीक्षा-2019 के माध्यम से चुने गये अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक जानकारी |

भारतीय लेखापरीक्षा एवं लेखा विभाग में राजभाषा कैडर केंद्रीयकृत है तथा पूरे भारत में स्थानांतरण की देयता है | यद्यपि कनिष्ठ अनुवादक के पद पर राज्य में स्थित कार्यालय में प्रारम्भिक नियुक्ति अभ्यर्थियों की मेधा एवं उनके द्वारा दिए गए राज्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा | इस संबंध में विस्तृत जानकारी भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की वेबसाइट (www.cag.gov.in) पर उपलब्ध है ।

2. कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक, कनिष्ठ अनुवादक, वरिष्ठ हिन्दी अनुवादक तथा हिन्दी प्राध्यापक परीक्षा-2019 के माध्यम से भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा विभाग (भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक के अधीन) में कनिष्ठ अनुवादक के पद पर चयनित किये गए अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि उक्त वेबसाइट पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी, राज्य की प्राथमिकता एवं सत्यापन फॉर्म संबंधित वांछित जानकारी URL http://cag.delhi.nic.in/statechoice पर भरें । ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 14 दिसंबर 2020 से प्रारंभ होगी तथा 11 जनवरी 2021 तक जारी रहेगी।